जगदलपुर, गुरुवार 06 दिसम्बर 2018

राजधानी

दण्डकारण्य समाचार | 3

www.dandakaranyasamachar.com

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री गोरखपुर (उत्तरप्रदेश) में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित शोभायात्रा के शुभारंभ समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. रमन सिंह को स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के खेल मंत्री श्री चेतन चौहान भी उपस्थित रहे।

2 से 4 सीट का अंतर डाल सकता है भाजपा-कांग्रेस को मुश्किल में

रायपुर 05 दिसंबर । विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर अब राजनीतिक पंडितों ने नया आंकड़ा पेश कर भाजपा-कांग्रेस की चिंता बढ़ा दी है। चुनाव परिणाम में यदि सीटों की संख्या बराबर हुआ अथवा एक-दो सीट का भी अंतर आया तो सरकार बनाने के लिए जोगी कांग्रेस-बसपा गठबंधन और भाकपा से समर्थन लेना दोनों ही दलों की मजबूरी होगी।

राज्य की 90 सीटों वाले विधानसभा चुनाव में इस बार जोगी कांग्रेस और बसपा के गठबंधन के साथ ही भाकपा ने भी दमदारी से चुनाव लड़ा है। जोगी कांग्रेस और बसपा गठबंधन से यदि 6-8 सीट भी जीत ली जाती है और भाकपा के खाते में भी यदि दो सीट आ जाती है तो भाजपा-कांग्रेस के चुनावी समीकरण पूरी तरह से ध्वस्त हो जाएगा। दोनों ही दलों ने गठबंधन से इंकार किया है। ऐसे में यदि भाजपा और कांग्रेस को बराबर सीटें मिलती अथवा एक-दो सीटों का अंतर आता है तो भी सरकार बनाने के लिए सहयोग लेना मजबूरी हो जाएगी। ऐसे में सहयोग करने वाली पार्टी अपनी शर्तों पर दोनों ही दलों को झुकाने का माद्दा रखती है।

इधर राजनीति के जानकारों का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियां इसी ओर इशारा कर रही है। राज्य की भाजपा सरकार पूर्व में 65 प्लस का नारा दे रही थी। लेकिन प्रदेशवासियों के अब तक के रूझान और मतदान पश्चात हुए आंकलन के बाद भाजपा नेताओं के सुर बदल चुके हैं। भाजपा के नेता पूर्ण विश्वास से यह नहीं कह पा रहे हैं कि पिछले तीन बार की तरह चौथी बार भी उनकी पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलेगी। दूसरी ओर इस मामले में कांग्रेस पूरी तरह से आश्वस्त नजर आ रही है। हालांकि कांग्रेस को ईवीएम में और मतगणना के दौरान गड़बड़ी की आशंका अभी भी खाए जा रही है। यही वजह है कि कांग्रेस लगातार अपने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से सतर्क रहने कह रही है। इन सब से जुदा जोगी कांग्रेस-बसपा गठबंधन और भाकपा शांत है।

झण्डा दिवस समारोह का आयोजन 7 को

रायपुर 05 दिसंबर। जिला सैनिक कल्याण परिसर रायपुर में आगामी 7 दिसंबर को झंडा दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार झंडा दिवस पर आयोजित समारोह कलेक्टर श्री बसवराजु एस की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। समारोह दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। समारोह में रायपुरए धमतरीए महासमुंदए बलौदाबाजार और गरियाबंद जिले के सभी भूतपूर्व सैनिको सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा सभी भूतपूर्व सैनिकोए विधवाओं और वीर नारियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालयए रायपुर से कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर या दूरभाष नंबर 0771.2427449 और 76468.53020 पर संपर्क कर सकते हैं।

मतदाता सूची में जनवरी से जुड़वा सकेंगे अपना नाम

रायपुरए ईएमएसद्ध। भारत निर्वाचन आयोग ने फेटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए चरणबद्ध कार्यक्रम जारी किया है। अगले वर्ष होने वाले लोकसभा आम चुनावए मतदाता सूची में शामिल होने से छूट गए पात्र व्यक्तियों के नाम सूची में शामिल करने और मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए आयोग द्वारा फेटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण करवाया जा रहा है। इसमें 01 जनवरी 2019 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा भी अपना नाम जुड़वा सकेंगे। मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेशए मिजोरमए राजस्थान और तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों को परिपत्र जारी किया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार 26 दिसम्बर 2018 को विस्तृत मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 26 दिसम्बर 2018 से 25 जनवरी 2019 तक इसमें दावा या आपत्ति प्रस्तुत की जा सकेगी। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निराकरण 11 फरवरी 2019 के पहले किया जाएगा। इसके बाद 18 फरवरी से पहले डॉटाबेस को अपडेट एवं पूरक मतदाता सूची तैयार की जाएगी। संशोधन एवं नए नाम जोड़ने के बाद 22 फरवरी को अंतिम रूप से पुनरीक्षित मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक 7 को

रायपुर, 06 दिसंबर । भारतीय जनता पार्टी कार्यालय एकात्म परिसर में 7 दिसम्बर को बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में विधानसभा के सभी भाजपा प्रत्याशियों, भाजपा जिलाध्यक्षों, सभी विधानसभा के चुनाव संचालकों एवं प्रदेश पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में सभी प्रत्याशियों से बात कर भाजपा के मिशन 65 प्लस की समीक्षा की जाएगी। बैठक के दौरान मतगणना के लिए नियुक्त एजेंटों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष धरमलाल कौशिक, मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री सौदान सिंह, प्रदेश प्रभारी डॉ. अनिल जैन, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, विशेष रूप से रहेंगे।

अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर 6 को कार्यक्रम आयोजित

रायपुर, 06 दिसंबर । नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के प्रभारी अधिकारी डॉ. प्रीतम मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम संस्कृति विभाग ने राजधानी के खजाना चौक (कलेक्टोरेट चौक) के पास स्थित संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की प्रतिमा के सामने दिनांक 6 दिसम्बर 2018 को सुबह 10 बजे उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें सस्सम्मान नमन करने कार्यक्रम रखा है ।

खुले में पेशाब करने एवं कचरा नाली सड़क पर डालने वालों पर जुर्माना किया गया

रायपुर , 05 दिसंबर । स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 के तहत रायपुर निगम क्षेत्र में जनजागरण स्वच्छता को लेकर सतत अभियान सभी जोनो द्वारा चलाकर खुले में पेषाब करने वालो एवं दुकान व घर का कचरा सडक व नाली में डालने वाले पर उन्हें समझाईष देकर जुर्माना करने की कार्यवाही निरंतर जारी है। जोन 6 ने आज जोन क्षेत्र में खुले में पेषाब करने पर संबंधित नागरिक पर 50 रू. का जुर्माना करके उन्हें समझाईष सहित चेतावनी भविष्य के लिये दी। जोन 8 ने दुकान का कचरा व गंदगी नाली व सडक पर डालने वाले दुकानदारों पर जोन क्षेत्र में अभियान चलाकर 700 रू. जुर्माना बाजार क्षेत्र में वसूला एवं संबंधितों को समझाईष सहित कडी चेतावनी दी।

छत्तीसगढ़ राज्य टीम गठन के लिए चयन प्रतियोगिताएं 21 से

रायपुर05 दिसंबर। ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता 2018.19 हेतु 10 खेलों बॉस्केटबालएए व्हालीबालए क्रिकेटए बैडमिंटनए शतरंजए कैरमए टेबल टेनिसए कुश्तीए कबड्डी और लॉन टेनिस खेलों में छत्तीसगढ़ राज्य के दल के गठन के लिए चयन प्रतियोगिता का आयोजन 21 दिसम्बर से 08 जनवरी तक किया जा रहा है। चयन प्रतियोगिताएं निर्धारित तिथियों को निर्धारित स्थान पर सवेरे 10ए30 बजे से आयोजित की जाएंगी।

खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि राज्य शासन के विभिन्न विभागों से विभिन्न खेलों के कुल 342 अधिकारी.कर्मचारी इन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी के रूप में शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ राज्य के बास्केटबाल दल के गठन के लिए चयन प्रतियोगिता 21 दिसम्बर को सवेरे 10ए30 बजे से बालाजी स्कूल रायपुर में आयोजित की गई है। इसी प्रकार व्हालीबाल दल के गठन के लिए चयन प्रतियोगिता 22 दिसम्बर को भिलाई सेक्टर . 1 स्थित पंत स्टेडियम व्हालीबाल मैदान मेंए क्रिकेट के दल के लिए चयन प्रतियोगिता 28 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम परसदा रायपुर मेंए बैडमिंटन के लिए 02 और 03 जनवरी को सप्रे स्कूल बैडमिंटन हॉल रायपुर मेंए शतरंज और कैरम के लिए चयन स्पर्धा चार जनवरी को रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम स्थित खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संचालनालय मेंए टेबल टेनिस के लिए चयन प्रतियोगिता चार जनवरी को रायपुर के सप्रे स्कूल टेनिस हॉल मेंए कुश्ती और कबड्डी के लिए चयन स्पर्धा छह जनवरी को बिलासपुर के सीपत रोड स्थित जिला खेल परिसर में और लॉन टेनिस के लिए चयन स्पर्धा आठ जनवरी को रायपुर के यूनियन क्लब में आयोजित की गई है।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संचालनालय द्वारा विभिन्न खेलों के लिए खिलाड़ियों की सूची भी जारी की गई है जो विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस सूची में विभिन्न विभागों के खिलाड़ी अधिकारी.कर्मचारी शामिल हैं। बॉस्केटबाल टीम के लिए 22 खिलाड़ियों की सूची जारी की गई है। इसी प्रकार व्हालीबाल के 18ए क्रिकेट के 62ए बैडमिंटन के 57, शतरंज के 60ए कैरम के 33, टेबल टेनिस के 25ए कुश्ती के 13ए कबड्डी के 43 और लॉन टेनिस के 09 खिलाड़ियों की सूची जारी की गई है।

राजस्व प्रकरणों का तेजी से निराकरण किया जाए - कमिश्नर

✷ कलेक्टरों को कैम्प कोर्ट लगाने के निर्देश

रायपुर, 05 दिसंबर । रायपुर संभाग के आयुक्त जी.आर. चुरेन्द्र ने संभाग अंतर्गत सभी जिलों के कलेक्टरों को राजस्व प्रकरणों का त्वरित और समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि राजस्व न्यायालयों में सभी प्रकरणों का आगामी 15 दिवस में भौतिक सत्यापन कर पंजीकृत किया जाए। चुरेन्द्र ने सभी कलेक्टरों को आवश्यकतानुसार कैम्पकोर्ट लगाने के लिए भी निर्देशित किया है। चुरेन्द्र ने कहा है कि राजस्व न्यायालय के सभी प्रकरणों में पेशी तिथि देकर सुनवाई हेतु लगाया जाए। जिले के सभी पीठासीन अधिकारी कैप कोर्ट स्थल व चलित न्यायालय का स्थल अनुसार निर्धारित करें और इस अनुरूप प्रकरणों की सुनवाई हेतु नियत करना सुनिश्चित करें। दण्डिक प्रकरणों के अंतर्गत धारा 145 और 133 के प्रकरणों का कैप कोर्ट व चलित न्यायालय अथवा जिस गांव से संबंधित है, उसी गांव में नियत कर सुनवाई किया जाए। आवश्यक स्थिति में पीठासीन अधिकारी द्वारा स्थानीय जांच कर पंचनामा, नजरी नक्शा तैयार करने व बयान लेने जैसी सभी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा है कि कलेक्टर व अपर कलेक्टर का कैप कोर्ट अनुविभाग मुख्यालय तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार के द्वारा कैप कोर्ट सेक्टर मुख्यालय या साप्ताहिक हॉट बाजार वाले बड़े-बड़े गांव में नियत किया जाए। साथ ही दण्डिक प्रकरणों के अंतर्गत धारा 145 व 133 के प्रकरण नियत गांव में ही लिया जाए या तहसीलदार, नायब तहसीलदार के द्वारा ही स्थानीय जांच अनिवार्य किये जाने हेतु विशेष पहल की जानी चाहिए।

रुई दुकान से खड़ी मोटरसाईकिल पार

रायपुर, 05 दिसंबर। रुई दुकान के पास से मोटरसाईकिल चोरी होने की घटना की रिपोर्ट युवक ने कोतवाली थाने में दर्ज करायी है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद रजा 26 वर्ष पिता अब्दुल सलीम निवासी अझनी नगर पुरानी बस्ती ने रिपोर्ट दर्ज करायी है।

युवा जनता कांग्रेस के कार्यकर्ताओ को अमीत जोगी ने दिये मतगणना के टिप्स

✷ अजीत जोगी देंगे गठबंधन के प्रत्याशियों को टिप्स

रायपुर 05 दिसंबर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ ने अपने युवा विंग युवा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ की बैठक में पार्टी कार्यालय में आयोजित की जिसमे मतदान के दिन पार्टी के पक्ष में जनता का रुझान की बृधवार जानकारी , सभी युवा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ के द्वारा पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष किये कार्यो की समीक्षा , सबसे महत्वपूर्ण मतगणना के दिन मतगणना स्थल पर कार्यकर्ताओ के द्वारा मतगणना कार्यो पर विधायक श्री अमीत जोगी ने बैठक लेकर आवश्यक टिप्स दिये।

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रवक्ता सुब्रत डे ने कहा कि प्रदेश के 90 विधानसभा के लगभग 100 चुनिंदा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ की बैठक विधायक श्री अमीत जोगी ने लिया जिसमे उन्होंने चुनाव के दौरान कार्यकर्ताओ के द्वारा विपरीत आर्थिक परिस्थिति के बाद भी किये गये तन, मन एवं अपना धन लगाकर किये गए कार्य की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि आप सबकी मेहनत का रंग अब निखर कर दिखने का समय आ गया है। यह भी निश्चित है सरकार हमारी ही बनेगी , आज और सत्ता शीर्ष में पहुँचने के बीच एक सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव मतगणना के दिन 11 दिसम्बर है जिस दिन हमारा गठबंधन एक और एक ग्यारह बनेगा किन्तु उस दिन सभी पार्टी कार्यकर्ताओ और पदाधिकारी जिनकी जिमेदारी मतगणना स्थल पर लगी है वे ध्रुडूरूके खुलने से लेकर अंतिम चक्र के समाप्ति तक अपने निर्धारित स्थान नहीं छोड़ना है एवं उसके प्रश्चात अपने गठबंधन प्रत्याशी को जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा विजय प्रमाणपत्र प्राप्त होते तक मतगणना स्थल पर डटे रहना है ? यह अंतिम खंदक की लड़ाई है साथ ही जीत का मार्ग भी यही से प्रशस्त होगा।

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रवक्ता सुब्रत डे ने कहा कि आज प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 100 प्रशिक्षार्थी अब मास्टर ट्रेनर होंगे वे अपने विधानसभा के अन्य को प्रशिक्षण देंगे। आज की बैठक में युवा प्रदेश अध्यक्ष दानिश रफीक,प्रभारी गौरी शंकर पांडेय, प्रदेश प्रवक्ता सुब्रत डे, मेहुल मारू, भवानी सिंह मरकाम, इस्माइल अहमद, बलराऊ मिश्रा, प्रकाश मारकंडे, बबलू रजा प्रब्जोत सिंह , महेंद्र सेन अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

जस्टिस जोसेफ का आरोप अकल्पनीय - रिजवी

रायपुर, 05 दिसंबर । जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मीडिया प्रमुख एवं वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल अहमद रिजवी ने कहा है कि रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस कुरियन जोसेफद्वारा तत्कालीन सीजेआई दीपक मिश्रा पर बाहरी स्रोतो के प्रभाव में काम करने का आरोप अत्यंत गंभीर एवं अकल्पनीय है। जस्टिस कुरियन ने उक्त आरोप एक साक्षात्कार में लगाया है कि बाहरी रिमोट कंट्रोल से पूर्व सीजेआई दीपक मिश्रा संचालित थे। जोसेफने कहा है कि पूर्व सीजेआई दीपक मिश्रा ने बाहरी दबाव में आकर न्यायिक प्रशासन एवं प्रक्रिया को प्रभावित किया था।

रिजवी ने कहा है कि जस्टिस कुरियन जोसेफ के इस आरोप से न केवल न्यायिक वरन् वकील जगत सहित सम्पूर्ण देशवासियो को झकझोर कर रख दिया है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जस्टिस जोसेफकी उक्त टिप्पणी पर तत्काल संज्ञान लेना उपयुक्त होगा तथा उनके द्वारा लगाये गये इस चैकाने वाले आरोप की तह तक जाने के लिए वर्तमान सीजेआई रंजन गोगोई से अपेक्षा है कि वह न्यायोचित प्रक्रिया अपनाकर इस गंभीर आरोप की जांच करवाये ताकि दूध का दूध एवं पानी का पानी साफहो सके।

रायपुर। तेलंगाना इलेक्शन के लिए 1500 होमगार्ड 500 जिलाबल, टोटल 2000 फोर्स रवाना स्पेशल ट्रेन से।

कार्यालयों का आकस्मिक और नियमित निरीक्षण अनिवार्यत करें - संभागायुक्त

रायपुर, 06 दिसंबर । रायपुर संभाग के आयुक्त जी.आर. चुरेन्द्र ने संभाग अंतर्गत सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र लिखकर उनके अधीनस्थ कार्यालयों का आकस्मिक और नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला व विकासखण्ड स्तरीय कार्यालयों की सभी शाखाओं में हर तीन महीनों में टेबल निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए हैं। कमिश्नर चुरेन्द्र ने निरीक्षण कार्य के लिए वार्षिक रोस्टर तैयार करने को भी कहा है। संभागायुक्त द्वारा जिला कलेक्टरों को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि जिला कार्यालय मैनुअल के मुताबिक जिला कार्यालय में विभिन्न शाखाओं के कार्यों में गति दिया जाए, साथ ही जिला कार्यालय की सभी शाखाओं का हर तीन महिने में टेबल निरीक्षण शाखा प्रभारी व अपर कलेक्टर के माध्यम से अनिवार्यतः कराया जाए। इसके अतिरिक्त कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, जनपद पंचायत कार्यालय के साथ-साथ जिले के सभी कार्यालयों में जिला अधिकारियों व उनके अधीनस्थ अनुविभाग स्तर व ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के कार्यालयों व अन्य कार्यालय प्रमुखों के कार्यालयों में त्रैमासिक टेबल निरीक्षण की प्रक्रिया अनिवार्य प्रारंभ कराकर इसे सतत् रूप से चलाया जाए। पत्र में कहा गया है कि समय-समय पर जिला अंतर्गत अपर कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व जिला अधिकारियों के मार्फत यह सुनिश्चित किया जाए, ताकि सभी कार्यालयों में जिम्मेदारी के साथ समय पर कार्य करने कार्य की पद्धति विकसित हो। कार्यालयों के निरीक्षण की समीक्षा का सिस्टम भी विकसित किया जाए। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग व सामान्य प्रशासन विभाग के स्थाई निर्देशों व निर्धारित प्रक्रियाओं का बखूबी अनुपालन कराया जाए।

प्रादेशिक सेना बिहार बटालियन की भर्ती रैली 17 से

रायपुर, 05 दिसंबर । प्रादेशिक सेना बिहार बटालियन 120 पैदल वाहिनी द्वारा भुवनेश्वर (उड़ीसा) में भर्ती रैली का आयोजन आगामी 17 दिसंबर से 22 दिसंबर तक सैनिक सामान्य ड्यूटी, लिपिक क्लर्क, हाऊस कीपर (सफाईवाला) एवं अन्य पदों (कुल 145 पद) के लिए की जा रही है। इस भर्ती रैली में छत्तीसगढ़ राज्य के अभ्यर्थी 17 दिसंबर को सम्मिलित हो सकते है। इसके लिए आवेदकों को भर्ती स्थल पर प्रातः 5.30 बजे के पूर्व पहुंचने एवं अपने साथ जन्म, मूल निवास, चरित्र, शिक्षा (समस्त अंकसूचियां), विवाहित व अविवाहित एवं शपथ प्रमाण-पत्रों की मूल एवं छायाप्रति तथा 20 कलर पासपोर्ट साईज फोटो, खेल-कूद संबंधी दस्तावेज, विशेष कार्य में निपुर्णता संबंधी दस्तावेज, पैन एवं आधार कार्ड ले जाने को कहा गया है। जिला रोजगार अधिकारी रायपुर ने बताया कि सैनिक सामान्य ड्यूटी के लिए आवेदक को 45 प्रतिशत तथा प्रत्येक विषय में 33 प्रतिशत अंकों के साथ 10वीं अथवा 12वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। लिपिक (क्लर्क) के लिए 12वीं 60 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण और हर विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। कम्प्यूटर एवं टंकण ज्ञान रखने वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी। हाऊस-कीपर के लिए साधारण आठवीं पास एवं अपने ट्रेड में निपुर्णता चाहिए।

अन्य पदो के लिए साधारण 10वीं पास एवं अपने ट्रेड में निपुर्णता तथा आयु सीमा 18 से 42 वर्ष (भर्ती दिनांक से) होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायपुर में बनाए गए हेल्प डेस्क से संपर्क किया जा सकता है।